हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

11 पेंशन रोकने के प्रयासों से गुस्साएं रिटायर्ड कर्मियों ने...


12 अहरवां, चिंदड़, भूथन के सरकारी स्कूलों में पृथ्वी दिवस पर...


## खबर संक्षेप

### खेतों में लगी आग ग्रामीणों ने पाया काबू

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव दड़बा कलां में मंगलवार दोपहर को करीबन तीन बजे चाडीवाल रोड पर गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग लगने से गेहूं का 13 एकड़ में भूसा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों की सहायता से आग पर काबू कर लिया। आग बूझाने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार दड़बा कलां से चाडीवाल रोड पर गांव निवासी राजा खोड के खेतों में तुड़ी बनाते समय ट्राली में आग लग गई। इसके बाद तेजी से आग खेतों की तरफ बढने लगी।

### सांसद कार्तिकेय शर्मा आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा 23 अप्रैल बुधवार को फतेहाबाद में ब्राह्मण समाज की बैठक को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा ने बताया कि सांसद कार्तिकेय शर्मा 27 अप्रैल को पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए समाज के लोगों की बैठक को संबोधित करेंगे।

### कहासुनी के बाद 10वीं के छात्र पर बोला हमला

**फतेहाबाद।** स्कूल में हुई मामूली कहासुनी के बाद एक छात्र ने अपने साथियों सहित 10वीं के छात्र पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल छात्र को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव घोटडू निवासी वेदप्रकाश ने कहा है कि वह राजकीय व.मा. विद्यालय हसंगा में कक्षा में 10वीं में पढ़ता है।

### युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी की बैठक

**रतिया।** युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी की बैठक अनाज मंडी रोड स्थित उपाध्यक्ष मोहन चिलाना के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष रूप से श्री अरोड़वंश महासभा के प्रधान अशोक ग्रोवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर ग्रोवर शामिल हुए और उन्होंने युवा सदस्यों का मार्गदर्शन किया। बैठक में जहां सदस्यों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पुनः सकोरा लगाओ अभियान चलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया, वहीं क्षेत्र में पेड़ पौधों को उचित स्थानों पर लगाने हेतू चर्चा हुई।

### युवक से मारपीट कर अगवा करने का प्रयास

**फतेहाबाद।** तारीख पर टोहाना कोर्ट आए एक युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर उसे अगवा करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस मामले में टोहाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजनगर टोहाना निवासी मनजीत सिंह ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह टोहाना कोर्ट में तारीख पर गया हुआ था।

### भगत धन्नाजी की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी 3 को

**सिरसा।** भगत धन्नाजी ट्रस्ट की बैठक मंगलवार को संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा व प्रधान अमरीक सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि आगामी 3 मई को जाट धर्मशाला के सभागार में भगत धन्नाजी की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी आयोजित की जाएगी। साथ ही भगत धन्नाजी के मंदिर व गुरुद्वारा साहिब के निर्माण की घोषणा भी इसी दिन की जाएगी। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित करके ट्रस्ट की गतिविधियों को लेकर मंथन किया जाएगा और आगामी एक वर्ष तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जाएगी।

# आज डीएमसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे जिलेभर के पालिका कर्मचारी

- नगरपरिषद के कर्मचारियों ने हाथों में काले झंडे व उल्टे झाड़ू लेकर शहर में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद के आह्वान पर फतेहाबाद नगरपरिषद के कर्मचारियों ने हाथों में काले झंडे व उल्टे झाड़ू लेकर शहर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता ईकाई प्रधान विजय ढाका ने की और संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। जिलेभर के पालिका कर्मचारियों द्वारा आज बुधवार को डीएमसी कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पूर्व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विजय ढाका व ओम प्रकाश लोट ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी संघ अपनी न्याय उचित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। फरवरी 2023 के पत्र अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, 2014 के पत्र अनुसार 400 की आबादी पर 1 सफाई कर्मचारी की नियुक्ति, नियम अनुसार हर महीने की 7 तारीख को वेतन, काम के घण्टे तय करवाने, हटाए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लेने अन्य मांगों को लेकर आंदोलन चल रहा है लेकिन फतेहाबाद प्रशासन आंख मूंदे कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। संघ ने पहले ही 9 अप्रैल को अपना मांग पत्र नगर परिषद प्रशासन को सौंपा हुआ है जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि वर्षों से कच्ची नौकरी को पक्का करवाने, न्यूनतम वेतन, समय पर वेतन ठेकेदार के शोषण के खिलाफ आंदोलन के बावजूद कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को जिले भर के सभी कर्मचारी जिला नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन में समर्थन में संघ द्वारा नगर परिषद चेयरमैन, उप चेयरमैन व पार्षदों को ज्ञापन भी सौंपा गया है और उन्होंने आंदोलन की सभी मांगों को जायज माना है। प्रदर्शन में सत्यवान टॉक, वीरू रत्ती, नरेश राणा आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। काले झंडे व झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।

### कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की धमकी

आज सफाई शाखा के मुख्य सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षक द्वारा हाजरी बिट पर जाकर कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की धमकी दी गई व डराने धमकाने का काम किया। संघ सख्त लब्जो में कहना चाहता है कि कर्मचारी अपनी न्याय उचित मांगों के लिए शांतिपूर्वक संघर्ष कर रहे हैं लेकिन प्रशासन बात करके मांगों का समाधान करने की बजाय डराने धमकाने का काम कर रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ प्रशासन के इस अडियल रवैया को देखते हुए हड़ताल जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर कर रहा है। कर्मचारी नहीं चाहते कि शहर की सफाई व्यवस्था खराब ना हो लेकिन प्रशासन चाहता है कि कर्मचारी पूर्ण रूप से हड़ताल पर जाए।

### गेहूं उठान न होने पर भड़के आढ़ती, गेट पर लगाया ताला

**सिरसा।** अनाज मंडी में फसल उठान की समस्या को लेकर मंगलवार को आढ़तियों ने कपास मंडी के गेट पर ताला लगा दिया। आढ़तियों ने धरना देकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उठान कार्य में तेजी लाने की मांग उठाई। करीब दो घंटे तक तालाबंदी व नारेबाजी के बाद ही गेट खोला गया। धरना दे रहे आढ़ती कीर्ति गर्ग आदि ने बताया कि कपास मंडी में गेहूं की आवक जारी है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गेहूं का उठान नहीं किया जा रहा है। गेहूं का उठान न होने के कारण मंडी में जगह नहीं है। किसानों को मंडी में गेहूं रखने की जगह नहीं मिल रही है।

## दोपहर के बाद सुनसान नजर आया एनएच-9, बाजारों से भी चहल-पहल गायब

# अप्रैल में जून-सी गर्मी, रातें लगी तपने न्यूनतम तापमान में रिकार्ड बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में इस बार अप्रैल के तीसरे सप्ताह ही गर्मी ने जून की गर्मी की फिलिंग करवा दी है। दरअसल मंगलवार को यहां का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री को पार कर गया जबकि अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास घूम रहा है। यानी की प्रदेश में दिन के साथ अब रातें भी तपने लगी हैं। प्रदेश में बीती रात को ओवरआल न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। हरियाणा के कुछ इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मंगलवार को दिन में फतेहाबाद का तापमान बढ़ कर 41 डिग्री रहा। यहां पर झुलसा देने वाली गर्मी पड़ी है। दिनभर लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। मंगलवार दोपहर को यहां के हालात यह थे कि नेशनल हाइवे सुनसान दिखाई दे रहा था। बाजारों और कार्यालयों में भी आम दिनों की बजाय कम रौनक थी। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की डिमांड भी तेजी से बढ़ी है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ के अनुसार 25 अप्रैल तक उत्तर पश्चिमी व पश्चिमी हवाएं चलने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा हलकी बादल व गर्म धूल भरी हवाएं भी चलेंगी।





फतेहाबाद। भीषण गर्मी से बचाव के लिए बच्चे को ढककर ले जाती महिला व भीषण गर्मी में सुनसान पड़ा नेशनल हाइवे।

### हीट वेव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हीट वेव से शारीरिक तनाव हो सकता है और यहां तक की मनुष्य की जान जा सकती है। जान को खतरा बनने वाली हीट वेव से बचने के लिए सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से गर्मी व लू से बचने के संबंध में जारी हिदायतों के अनुसार नागरिक दोपहर के समय बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में श्रमयुक्त कार्य न करें। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।

### गर्मी से बचने के लिए क्या करें

घर पर रहें और बिना किसी काम बाहर न निकले। प्यास न होने पर भी पानी पीते रहें। हल्के रंग के ढ़ीले व सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर व मुंह के बचाव के लिए काला चश्मा, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी के अलावा पैरों में जूते या चप्पल अवश्य पहनें। इसके अलावा यात्रा करते समय अपने साथ पानी जरूर साथ लेकर चलें। यदि आप बाहर काम करते हैं तो एक टोपी या छतरी और अपने सिर, गर्दन, चेहरे के लिए एक नम कपड़े का उपयोग करें। घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। कमजोर, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। गर्भवती महिलाओं और श्रमिकों को गर्मी से बचाव पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।

### क्या न करें

बच्चों व पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। धूप में बाहर जाने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से तीन बजे बीच। गहरे रंग या तंग कपड़े पहनने से बचें। बाहरी तापमान अधिक होने पर कठोर मेहनत वाली गतिविधियों से बचें। अधिक गर्मी के समय खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र को पूरी तरह से हवादार बनाए, राब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय पीने से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन वाले बासी भोजन का सेवन न करें।

# जमीनी विवाद में परिवार पर हमला, 18 पर केस

## पुलिस के सामने भी की मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के भट्टू क्षेत्र के गांव जांडवाला बागड़ में जमीन में बने खाल के विवाद हो गया और कुछ लोगों से रास्ता रोकर मारपीट की। भट्टू पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके परिवार के ही 6 महिलाओं सहित 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि डायल 112 की टीम के सामने भी पीटा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जांडवाला बागड़ निवासी संजय ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसकी व परिवार की मुश्तरका खाते की जमीन में बने खाल को लेकर उसका परिवार के ही पिरथी सिंह, वीरेंद्र, मुकेश, सतीश, मनोज, कुलदीप, कपूर चंद,सुरेंद्र के साथ विवाद चल रहा है। संजय ने कहा कि 20 अप्रैल की शाम को उसकी पत्नी सुमन देवी, बेटा सूर्य प्रकाश व छोटे भाई का बेटा प्रदीप खाल संवारने के लिए खेत में गए हुए थे। इसी खाल के जमीनी विवाद को लेकर वीरेंद्र, रणदीप उर्फ घोलू, कुलदीप, प्रमोद, पिरथी सिंह की पत्नी सुरेश रानी, कपूर चंद की पत्नी सुमित्रा, कुलदीप को बेटा अनिल, मुकेश, मुकेश का बेटा रोनित, जयसिंह की पत्नी भतेरी, राजबाला, मनोज, संतोष इकट्ठे होकर खेत में पहुंच गए। वीरेंद्र, रणदीप उर्फ घोलू, कुलदीप व अनिल ने अपने अपने हाथों में डंडे लिए हुए थे। जिन्होंने आते ही उसकी पत्नी सुमन देवी, बेटे सूर्य प्रकाश व भतीजे प्रदीप के साथ डंडों से मारपीट शुरू कर दी। संजय ने बताया कि इसी बीच बेटे सूर्यप्रकाश ने उसके पास फोन किया और जानकारी दी। उसी समय डायल 112 की गाड़ी टावर के पास पहुंची। आरोप है कि उक्त सभी आरोपी भी टावर के पास पहुंचे और रास्ता रोककर गाली-गलौज करने लगे। डायल 112 टीम के सामने फिर से मारपीट की। उनका शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग आ गए

**भट्टू क्षेत्र के गांव जांडवाला का मामला**

### पुलिस ने जांच शुरू की

भट्टू थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने वीरेंद्र, रणदीप, कुलदीप, प्रमोद, पृथ्वी सिंह की पत्नी सुरेश रानी, कपूर चंद की पत्नी सुमित्रा, कुलदीप के बेटे अनिल, मुकेश, रोनित, जयसिंह की पत्नी भतेरी, सतीश, सतीश की पत्नी राजबाला, कुलदीप की पत्नी संतोष, मनोज, संदीप, वीरेंद्र के बेटे अमित, मुकेश की पत्नी सुमन, मंगेज के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भट्टू मंडी में अटल कैंटीन में 10 रुपये में मिलेगा भोजन, विधायक आज करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भट्टू की अनाज मण्डी में किसानों और मजदूरों को 10 रुपये में भरपेट खाना मिलेगा। इसके लिए भट्टू मण्डी मार्किट कमेटी ने अटल किसान-मजदूर कैंटीन खोलने जा रही है। इस कैंटीन का शुभारंभ बुधवार को पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दुड़ाराम करेंगे। यह जानकारी मार्किट कमेटी के सचिव महाबीर सैनी ने दी। इस कैंटीन में किसान व मजदूरों को घर जैसा अच्छा स्वादिष्ट खाना मात्र 10 रुपये प्रति थाली मिलेगा। इस कैंटीन का संचालन हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया जाएगा। कैंटीन में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किसानों-मजदूरों को खाना मिलेगा। खाने में 2 सब्जी, चावल और 4 चपातियां दी जाएंगी।

### खाने से पहले कटेगा टोकन

*भोजन के लिए इलेक्ट्रानिक मशीन से पहले 10 रुपए का टोकन कटेगा और प्रिंटेड पर्ची मिलेगी। यह पर्ची देने के बाद भोजन दिया जाएगा। गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मार्केट कमेटी की ओर से सुपरवाइजर लगाए जाएंगे। जो हर दिन खाने की मॉनिटरिंग करेंगे और ऑडिट भी होगा। दरअसल स्वयं सहायता समूह ग्राहक से 10 रुपये लेंगी और 15 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से मार्केटिंग बोर्ड इन महिलाओं को भुगतान करेगा। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पूरा रिकार्ड मेंटेन करना पड़ेगा।*

*भोजन की हर थाली पर मिलेगी सब्सिडी: भट्टू मार्केट कमेटी के सचिव महाबीर सैनी ने बताया कि मार्केट कमेटी कैंटीन चलाने वाली स्वयं सहायता समूह द्वारा किसानों-मजदूरों को 10 रुपये प्रति थाली भोजन मुहैया करवाया जाएगा। इसके अलावा प्रति थाली 15 रुपए के हिसाब से मार्केटिंग बोर्ड द्वारा हर दिन भुगतान किया जाएगा।*

**टोहाना में शिव नंदीशाला में तूड़ी में लगी आग**

# दहमान व गोरखपुर के खेतों में आग, 200 एकड़ में गन्ना-गेहूं की फसल व अवशेष जले

## फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में भूना क्षेत्र के गांव दहमान से सिवानी रोड पर मंगलवार दोपहर गन्ने और गेहूं के खेतों में भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटों को देखकर किसानों में हडकंप मच गया। आगजनी की इस घटना से गांव दहमान और गोरखपुर का 200 एकड़ से अधिक एरिया प्रभावित हो गया। 25 एकड़ में जहां गन्ने की फसल जल गई, वहीं, 170 एकड़ में गेहूं की फसल के अवशेष जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही भारी संख्या में किसान मौके पर एकत्रित हो गए। पहले किसानों ने ट्रैक्टरों की मदद से अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए लेकिन आग को भडक़ता देखकर इस बारे फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फतेहाबाद, जाखल, भूना व उकलाना से फायर ब्रिगेड की 9 गाडिय़ों के साथ मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। उधर, टोहाना के शिवनंदीशाला स्थित तूड़ी के गोदाम में अचानक आग लगने से तूड़ी जलकर राख हो गई।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को दहमन, गोरखपुर के किसानों ने खेत में आग की लपटें दिखी, तो किसानों में दहशत फैल गई। किसानों ने आग बुझाने के लिए ट्रैक्टरों से खेत में जुताई शुरू कर दी। करीब 100 से अधिक किसान मदद में जुट गए।



फतेहाबाद। खेतों में लगी आग।

# एसपी आस्था मोदी का ट्रांसफर, अब सिद्धांत जैन ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद जिला में सबसे लंबे समय तक एसपी रही आस्था मोदी का यहां से कैथल ट्रांसफर हो गया है। आस्था मोदी फतेहाबाद जिले की स्थापना के बाद लगातार सबसे लंबे समय तक एसपी के पद पर रहने वाली ऑफिसर बन गई हैं। उनका कार्यकाल 2 साल 8 महीने 22 दिन का रहा है। इससे पहले किसी भी एसपी का इतना लंबा कार्यकाल नहीं रहा। गौरतलब है कि 30 जुलाई 2022 को आस्था मोदी ने बतौर एसपी फतेहाबाद की कमान संभाली थी। अब उनके स्थान पर डबवाली पुलिस जिला के एसपी सिद्धांत जैन को फतेहाबाद का एसपी लगाया गया है।



**आस्था मोदी का यहां से कैथल ट्रांसफर**

### फतेहाबाद में रहा सबसे लंबा कार्यकाल

आस्था मोदी से पहले आईपीएस सौरभ सिंह का फतेहाबाद में बतौर एसपी लंबा कार्यकाल रहा है। वह फतेहाबाद में 3 बार एसपी रहे हैं। वह साल 2006 से 2008 तक लगातार 2 साल 1 महीने 26 दिन तक फतेहाबाद के एसपी रहे थे। हालांकि, इससे पहले 1 साल 2 महीने 17 दिन और 4 महीने 9 दिन का भी उनका कार्यकाल रहा था। फतेहाबाद के नए एसपी सिद्धांत जैन साल 2018 बैच के आईपीएस हैं। 18 जुलाई 1992 को जन्में सिद्धांत जैन आईआईटी खडग़पुर से बीटेक पास हैं। बतौर एसपी उनकी डबवाली पुलिस जिला में ही पोस्टिंग हुई थी। डबवाली में नशे के खिलाफ मुहिम चलाने में आम जन को जोडऩे में सिद्धांत जैन ने काफी प्रयास किए हैं।

### पूर्व में एसपी रहे अधिकारियों का कार्यकाल


मनोज यादव 9 महीने 8 दिन
राजबीर देसवाल 1 साल 2 महीने 19 दिन
कला रामचंद्रन 2 महीने 29 दिन
एसएस देसवाल 6 महीने 1 दिन
श्रीकांत जाधव 6 महीने 16 दिन
हनीफ कुरैशी 1 साल 6 महीने 16 दिन
केके राव 1 साल 4 महीने 15 दिन
देसराज सिंह 2 महीने 29 दिन
सौरभ सिंह 1 साल 2 महीने 17 दिन
भीम सिंह 1 साल 1 महीना 7 दिन
सौरभ सिंह 4 महीने 9 दिन
अरशिंदर सिंह चावला 1 महीना 26 दिन
सौरभ सिंह 2 साल 1 महीना 26 दिन
सीएस राव 10 महीने 4 दिन
जेएस लांबा 1 साल 1 महीना 22 दिन
विवेक शर्मा 9 महीने 3 दिन
सतेन्द्र गुप्ता 11 दिन
विवेक शर्मा 24 दिन
सतेन्द्र गुप्ता 10 महीने 15 दिन
विकास धनखड़ 10 महीने 4 दिन
शिवचरण अत्री 1 साल 4 महीने
पारूल कुश 2 महीने 17 दिन
संगीता कालिया 9 महीने 20 दिन
ओपी नरवाल -1 साल 4 महीने 23 दिन
कुलदीप यादव 6 महीने 25 दिन
दीपक सहारण 1 साल 3 महीने 20 दिन
विजय प्रताप सिंह 11 महीने 12 दिन
राजेश कुमार 1 साल 8 महीने 8 दिन
सुरेन्द्र भोरिया 9 महीने 5 दिन
आस्था मोदी 2 साल 8 महीने 22 दिन



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style



# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।



# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री


**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा


**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

## अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर।



सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।



**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।




**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप

### कल मनाया जाएगा मानव एकता दिवस

**सिरसा।** निरंकारी मिशन आगामी 24 अप्रेल को बाबा गुरबचन सिंह के बलिदान दिवस एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मानव एकता दिवस को मुख्य आयोजन बुराड़ी में किया जाएगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगिंद्र सुखीजा एवं निरंकारी मिशन चौटाला के मुखी डॉ. राजेंद्र यादव ने बताया कि आगामी 24 अप्रेल को विश्वभर के 500 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 50 हजार से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई के लिए रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

### मारपीट करने पर पुलिस बुलाई तो फिर पीटा

**सिरसा।** सदर सिरसा पुलिस ने नया डेरा के निकट स्थित रहमत कालोनी निवासी दीपिका की शिकायत पर उसके पति व सास के खिलाफ विभिन्न धाराओं केतहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में दीपिका ने बताया कि बीती 19 अप्रैल को सुबह उसके पति ने चाय बनाने के लिए कहा। उसने बताया कि रात्रि में वह दूध लेकर नहीं आया, इसलिए चाय के लिए दूध नहीं है। इस बात पर उसके पति ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। उसकी सास ने भी उसे लातें मारी। उसका शोर सुनकर पड़ौसियों ने उसे छुड़वाया। उसने सहायता के लिए पुलिस को डायल किया। पुलिस मौके पर पहुंची, तभी उसका पति घर से बाहर चला गया। पुलिस समझाकर लौट गई। कुछ देर बाद उसका पति घर और पुलिस बुलाने पर उसके साथ फिर से मारपीट करनी शुरू कर दी। वह 6 माह की गर्भवती है, इसके बावजूद उसके पति और सास ने उसकी बुरी तरह से पिटाई की।

### आर्डर कैंसिल करने की एवज में महिला से ठगी

**सिरसा।** सदर डबवाली पुलिस ने गांव गंगा निवासी दीप पुत्र भगवानदास की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दीप ने बताया कि वह जनरेटर का काम करता है। बीती 4 अप्रैल को उसकी बहन के इंस्टाग्राम पर लेडिज सूट का विज्ञापन आया। जिस पर बताए गए नंबर पर आर्डर बुक किया और क्यूआर कोड स्कैन कर 550 रुपये अदा कर दिए। इसके बाद कॉलर ने सूट की कीमत अधिक बताते हुए अतिरिक्त राशि की मांग की। जिस पर उसकी बहन ने आर्डर कैंसिल कर पैसे लौटाने की बात की। कॉलर ने कहा कि तकनीकी वजह से आर्डर कैंसिल नहीं हो रहा, इसलिए 1100 रुपये भेजने के लिए कहा। बताया कि दोनों बार की राशि को वह लौटा देंगे। उसकी बहन ने विश्वास करके पैसे भेज दिए। इसके बाद कॉलर ने आर्डर कैंसिल करने के लिए फिर से पैसे भेजने को बोला। उसकी बहन ने फिर पैसे भेज दिए। इस प्रकार उसने 17352 रुपये दे दिए। बार-बार पैसा मांगने पर साइबर ठगी का अंदेशा हुआ।

### बाइक सवार युवकों ने छीनी नकदी

**सिरसा।** शहर के वाल्मीकि चौक क्षेत्र में स्कूटी सवार व्यक्ति से बाइक सवार अज्ञात लोग करीब 10 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना सिरसा में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में अनिल कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी एफ ब्लॉक सिरसा ने बताया कि 21 अप्रैल को वह रानियां बाजार से अपनी स्कूटी पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था। जब वह वाल्मीकि चौक से सिविल अस्पताल रोड की ओर बढ़ा, तभी पीछे से दो बाइक सवार बराबर में आए। एक ने उसकी पहनी हुई शर्ट की अगली जेब पर झपटा मारा और जेब का कपड़ा सहित 10 हजार रुपये की नगदी ले उड़े। रात्रि लगभग सवा 9 बजे का समय था। बाइकर्स ने अपने मुंह ढंके हुए थे। वह बाइक का नंबर नहीं देख सकें। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्जकर तलाश शुरू कर दी है।

### कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# पेंशन रोकने के प्रयासों से गुस्साए रिटायर्ड कर्मियों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

- उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सेवानिवृत कर्मचारियों और पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने के केन्द्र सरकार के प्रयासों से गुस्साएं विभिन्न विभागों के सैंकड़ों रिटायर्ड कर्मचारियों ने मंगलवार को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भोला सिंह ने की व संचालन जिला सचिव बेगराज ने किया।



फतेहाबाद। प्रदर्शन के बाद अधिकारी को मांग पत्र सौंपते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शन से पूर्व रिटायर्ड कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एसटीएफआई के राष्ट्रीय महासचिव सीएन भारती, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भोला सिंह एवं सचिव बेगराज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की सिफारिश के लाभों में 31 दिसंबर 2025 तक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भोगियों को पेंशन संशोधन अधिकार से वंचित कर दिया है। केंद्र सरकार के इस तानाशाहीपूर्ण फैसले से पेंशन भोगियों में आक्रोश की लहर दौड़ गई है।

सरकार के इस फैसले के खिलाफ आज प्रदेशभर में रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया है।

प्रदर्शन के माध्यम से रिटायर्ड कर्मचारियों ने पेंशन वित्त विधायक 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने कोमूट की गई राशि को 10 वर्ष 8 माह के बाद काटना बन्द करने, पैंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत की बेसिक वेतन वृद्धि देने, मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये मासिक व बिना शर्त के पैशनर्स को कैशलैस मैडिकल सुविधा देने तथा सरकारी हस्पतालों में रिक्त पदों पर पूर्ण नियमित भर्ती करके इलाज करना सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिको को ए.सी., वोल्वो निजी बसों समेत सभी बसों के किराये में रियायत दी जाए। रेलवे व हवाई यात्रा के किराए में रियायती सुविधा के लिए केन्द्र सरकार को पहले की तरह लागू करने की सिफारिश लागू हो। पैंशनर व पारिवारिक पेंशनर्स को पुरानी पैंशन लागू करने व आयकर से मुक्त किया जाए। पैंशनर व पारिवारिक पैशनर्स को एलटीसी की सुविधा ब्लाक वर्ष के प्रथम वर्ष में ही उपलब्ध की जाए। कोरोना काल का 18 माह का मंहगाई भत्ते का बकाया एरियर दिया जाए।



सिरसा। पकड़ा गया मोटरसाइकिल चोर। फोटो : हरिभूमि

## अंतरराज्यीय बाइक चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा, सात बाइक बरामद

- ऐलनाबाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम की कार्रवाई
- आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी सिरसा के रूप में हुई
- तीन राजस्थान के हनुमानगढ़ व चार वारदातें ऐलनाबाद क्षेत्र में कबूल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सात मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। एसपी विक्रांत भूषण ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान मोटरसाइकिल चोरी की 7 वारदातों का खुलासा हुआ है। एसपी ने बताया कि रविशंकर की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि बाइक चोरी की वारदातों को सुलझाने के लिए ऐलनाबाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर जांच सौंपी थी।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की तीन वारदातें राजस्थान के हनुमानगढ़ व चार वारदातों ऐलनाबाद क्षेत्र में कबूल की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा सात चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिए हैं । उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पहचान छुपाने तथा पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट बदलकर चैसिस नंबर मिटा देता था।

## महिला थाना में पंचायत के दौरान मारपीट, दर्जनभर पर मामला दर्ज

- पीड़ित को लहूलुहान अवस्था में परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने पवन निवासी गांव नंगथला जिला हिसार की शिकायत पर कोटली निवासी दर्जनभर लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में पवन ने बताया कि उसकी भाभी गुडो उर्फ रिंकी ने महिला थाना सिरसा में उसके पिता शेर सिंह, भाई राजेश कुमार, ताऊ रणजीत सिंह, ताई सुनीता व उसके खिलाफ मारपीट व दहेज की शिकायत दी हुई है। इस बारे में महिला थाना पुलिस ने उन्हें 18 अप्रैल को थाने पहुंचने के लिए कहा गया। वे लोग महिला थाना पहुंचें, जहां पुलिस ने पति राजेश व पत्नी गुडो उर्फ रिंकी को पूछताछ के लिए बैठा लिया, जबकि दोनों पक्षों के लोग बाहर पंचायत में चले गए। पंचायत के दौरान उसकी भाभी के दादा ने गाली गलौच शुरू कर दिया। उसके ताऊ और उसने गाली न देने का आग्रह किया। लेकिन भाई के ससुरालजनों ने एकदम उन पर हमला बोल दिया। लात-घूंसों के बाद उसके सिर पर ईंट से भी वार किया। शोर सुनकर जब थाना से पुलिस बाहर आई तो हमलावर भाग गए। उसे लहूलुहान अवस्था में परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया। सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मनीराम, विक्रम, टेकचंद, श्यामलाल, वीनारानी, लाडी, गोली, डब्बू व 10-12 अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने लाखों रुपये की हेरोइन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डबवाली के एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सन्नी निवासी मंडी डबवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान बुलेट मोटरसाइकिल पर एक युवक सडक़ किनारे खड़ा था। पुलिस टीम को देखकर उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 52 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी सन्नी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## आगजनी की घटनाओं से फसलों से नुकसान का मुआवजा घोषित करने पर सीएम का जताया आभार

- नायब सरकार किसानों के साथ खड़ी है : प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा में पिछले कुछ दिनों में खेतों में हो रही अचानक आगजनी की घटनाओं से फसलों व पशुओं को हुए नुकसान को लेकर प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए किसानों को मुआवजे देने का निर्णय लेने पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। प्रवीण जोड़ा ने बताया कि आगजनी मुआवजे को लेकर मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने



प्रवीण जोड़ा।

कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपने नुकसान के संबंध में आवेदन करें, जिससे जल्द मुआवजे का पैसा उनके खातों में डाला जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में हुई आगजनी की घटनाओं से फसलों या पशुओं संबंधित जान-माल का नुकसान हुआ है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है, इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे सभी प्रभावित किसानों को शीघ्र ही मुआवजा दिया जाएगा। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि नुकसान से प्रभावित किसानों को आगामी फसलों की बुवाई के लिए बीज और खाद में भी मदद की जाएगी, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से बोझ न झेलना पड़े।

## क्रिकेट ट्रॉयल के लिए खिलाड़ियों में उत्साहः डॉ. बैनीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- बोले, पटौदी ट्रॉफी व अंडर 23 के ट्रायल 27 को निर्धारित
- चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों के चयन में काफी पसोपेश का सामना करना पड़ सकता है

सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल ने कहा कि आगामी 27 अप्रेल को सिरसा क्रिकेट टीम की पटौदी ट्रॉफी व अंडर 23 टूर्नामेंट के चयन के लिए होने वाले ट्रायल को लेकर युवा क्रिकेटर्स में खासा उत्साह पाया जा रहा है। मंगलवार को अपने बयान में डॉ. वेद बैनीवाल ने बताया कि जिले के युवा खिलाड़ियों का क्रिकेट के प्रति समर्पण और परिश्रम यह बताने को काफी है कि ट्रायल में चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों के चयन में काफी पसोपेश का सामना करना पड़ सकता है।

### ये रहेगा ट्रायल का शेड्यूल

डॉ. वेद बैनीवाल ने बताया कि युवाओं को क्रिकेट के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2025 की सिरसा क्रिकेट टीम की पटौदी ट्रॉफी व अंडर 23 टूर्नामेंट के चयन के लिए ट्रॉयल शाह सतनाम क्रिकेट स्टेडियम, सिरसा में 27 अप्रेल 2025 रविवार को प्रातः 6 बजे लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में करवाए जाने वाले इन अंतर जिला टूर्नामेंट के लिए प्रस्तावित ट्रायल में सभी खिलाड़ियों को नियमों का पालन करना बेहद अनिवार्य है। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए उन्होंने बताया कि पटौदी ट्रॉफी के लिए ट्रॉयल देने आए खिलाड़ियों की कोई भी आयु सीमा नहीं रखी गई है। अंडर-23 क्रिकेट के लिए खिलाड़ी का 1 सितंबर 2002 को या उसके बाद का जन्म होना चाहिए।

### इन दस्तावेजों की जरूरत

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल ने ट्रायल के दौरान नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ट्रॉयल देने आने वाले सभी खिलाड़ियों को अपनी पूरी किट व सफेद ड्रेस में आना होगा। साथ ही उन्हें अपने साथ अपना कंप्यूटराइज्ड जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की प्रति लाना भी अनिवार्य होगा। खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस की कसौटी पर कसने के लिए ट्रॉयल से पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट होगा जिसमें पास होना अनिवार्य है। इनमें दो किलोमीटर की रेस को शामिल किया गया है।

### जीवन का सार है भागवत कथाः आचार्य लांवनिया

**सिरसा।** वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य महेश लांवनिया ने स्थानीय गीता भवन में कथा के चौथे दिन कहा कि भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महिमा का वर्णन है जिसमें भगवान विष्णु के अवतारों की कथाएं हैं और इस पुराण में भगवान श्री कृष्ण को ईश्वर के रूप में माना गया है। उन्होंने कहा कि सुखदेव ने महाराज परीक्षित को यह कथा सुनाई थी जिसके रचयिता भगवान वेद व्यास को माना जाता है और यह हिंदुओं के अठारह अध्यायों में से एक है जिसमें 18 हजार श्लोक और 335 अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सात दिनों में पूरी की जाती है क्योंकि इसमें सात जन्मों की व्याख्या होती हैं।

### राजकीय स्कूल में अध्यापकों को नवाजा

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगाला में कलस्टर मंगाला की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कलस्टर मंगाला के विद्यालय मुखिया एवं अध्यापकों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी कृष्णलाल ने सभी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर बल देने के लिए सभी विद्यालय मुखिया को प्रेरित किया।

## मंडियों में 4,90,407 एमटी से अधिक गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी है, अब तक चार लाख 90 हजार 407 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 57 हजार 830 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा तीन लाख 29 हजार 378 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा एक लाख तीन हजार 199 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि कालांवाली अनाजमंडी में 50686 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद अनाजमंडी में 29800 मीट्रिक टन, सिरसा अनाजमंडी में 27145 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 13833 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 30544 मीट्रिक टन, बड़ागुढ़ा में 12781 मीट्रिक टन, बप्पां में 9015 मीट्रिक टन, डिंग में 15109 मीट्रिक टन, कुत्ताबढ में 5795 मीट्रिक टन, ओढां में 14171 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 16999 मीट्रिक टन और रानियां में 26038 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

## न्यूज डायरी

### ठेका बंद करवाने को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन



**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 18 में खुले शराब के ठेकों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। वार्ड पार्षद राजेंद्र सरदाना ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए ठेकों को बंद करवाने की मांग की। पार्षद सरदाना ने डीसी सिरसा को ज्ञापन देते हुए बताया कि कॉलोनी के मुख्य मार्गों व रिहायशी क्षेत्रों के पास शराब के ठेके खुले हुए हैं, जहां दिन-रात शराबियों की भीड़ लगी रहती है। इससे स्थानीय महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शराबियों की अश्लील हरकतों और हुड़दंग से महिलाओं का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। इसलिए इन शराब के ठेकों को बंद जाए।

### मंडियों में 1,37,656 क्विंटल सरसों फसल की आवक

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 137656 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 15944 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 77711 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 44001 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 120964 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 8964 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 74367 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 37633 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 100683 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है।

### फतेहाबाद में 1,65,803 एमटी गेहूं का उठान

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 165803 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 22654 मीट्रिक टन, हैफेड ने 75511 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 56444 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 11194 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में अब तक 380334 किसानों की गेहूं की फसल खरीदी जा चुकी है जिसकी एवज में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 378.91 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों मं गेहूं की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 23204 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 380334 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 3521 किसानों की 56767 मीट्रिक टन, हैफेड ने 8468 किसानों की 161898 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 8885 किसानों की 146680 मीट्रिक टन खरीद की।

### सरकार गोशालाओं को तुरंत जारी करे बजटः प्रजापति

**सिरसा।** प्रदेशभर की गौशालाओं में इन दिनों बजट के अभाव में गायों के लिए तूड़ी का स्टॉक नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में गौशालाओं में गौवंश के लिए चारे का संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे में गौसेवकों ने प्रदेश सरकार से गौशालाओं को तूड़ी का स्टॉक करने के लिए बजट अलाट करने की मांग की है। गेहूं के सीजन को देखते हुए अगर सरकार जल्द बजट जारी करती है तो गौशालाएं तूड़ी के स्टॉक को पूरा कर सकती है। गौसेवक मुकेश प्रजापति ने कहा कि इन दिनों खेतों में गेहूं निकालने का काम लगभग पूरा होने को है लेकिन क्षेत्र की अनेक गौशालाओं में अभी तक तूड़ी का पर्याप्त स्टॉक नहीं हो पाया है। गेहूं के सीजन में गौशाला प्रबंधक पूरे साल के लिए गौवंश के चारे के लिए तूड़ी का स्टॉक कर लेते हैं। सरकार से आर्थिक मदद न मिलने के कारण गौशालाएं तूड़ी की खरीद नहीं कर पा रही है। प्रजापति ने सरकार सक आग्रह किया कि गौशालाओं के लिए बजट तुरंत जारी किया जाए।

### राजकीय स्कूलों में रोजपरक शिक्षा पर जोरः ढिढारिया

**सिरसा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया एवं विद्यालय प्रभारी राजेश लाखलान ने कहा कि राजकीय स्कूलों में कक्षा 9 से 12 में पढने वाली छात्राओं एवं छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक कोर्स पढ़ाई के साथ-साथ करवाए जा रहे हैं, ताकि बच्चों में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके जागरूकता रैली का उद्देश्य विद्यालय के एनएसक्यूएफ विभाग के तहत चल रहे आईटी तथा ब्यूटीशियन, ब्यूटी वैलनेस सहित अन्य व्यवसायिक कोर्सेज की जानकारी प्रदान करना तथा व्यवसायिक शिक्षा से होने वाले लाभ को आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जब तक बच्चा 12वीं की परीक्षा पास करेगा वह अपने कोर्स को पूर्ण कर लेगा यह एक सुनहरा अवसर है की छात्राएं तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा से स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर सकती हैं।

**तैयारियां** — जिन गांवों से साइक्लोथॉन यात्रा गुजरेगी वहां पर जोरदार स्वागत किया जाएगा

# फतेहाबाद में 25 को प्रवेश करेगी साइक्लोथॉन यात्रा, एडीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

- यात्रा का श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में रात्रि ठहराव होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशा मुक्त हरियाणा का संदेश के साथ जिला फतेहाबाद में 25 अप्रैल को साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा भूना खंड में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ढाणी कंबोज में प्रवेश करेगी। इस रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं साइकिल 2.0 रैली के नोडल अधिकारी अनुराग ढालिया ने अधिकारियों के साथ ढाणी कंबोज सहित जिस-जिस रूट से यह रैली गुजरेगी उसका दौरा किया। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार व सीटीएम गौरव गुप्ता भी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ संभावित रूट का दौरा करते एडीसी अनुराग ढालिया।

उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को ढाणी कंबोज में यह यात्रा प्रवेश करेगी। यात्रा का जिला के जिन-जिन गांवों व रूट से गुजरेगी, वहां पर उत्साह के साथ जोरदार स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा ढाणी कंबोज के बाद, राजकीय महाविद्यालय भूना, जांडली खुर्द में पेट्रोल पंप, गांव झलनियां में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, ढाणी बिसला में पेट्रोल पंप, बरसीन से होते हुए भूना रोड पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पंचायत भवन, अंबेडकर चौक से श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में पहुंचेगी। साइक्लोर्थॉन यात्रा का श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में रात्रि ठहराव होगा और नशा मुक्ति की थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल की सुबह श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला से साइक्लोथॉन यात्रा दरियापुर सर्विस लेन से होते हुए जिला सिरसा में प्रवेश करेगी।इस दौरान एडीसी ने सफाई व्यवस्था व साइकिल यात्रा के रास्तों व मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को रैली के सफल आयोजन को लेकर जरूरी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के द्वितीय फेज की श्रृंखला में भारत के अमृतकाल में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत यह साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा न करने बारे जागरूक करना है। जिला में यात्रा का उत्साह के साथ स्वागत व मेजबानी की जाएगी। उन्होंने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे साइक्लोथॉन 2.0 में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पोर्टल पर दिए एंटी ड्रग साइक्लोथॉन पर अपना पंजीकरण करवाएं। पंजीकरण के आधार पर ही साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी मिलेगा।

अहरवां, चिंदड़, भूथन के सरकारी स्कूलों में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

# ग्लोबल वार्मिंग से गर्मियों में पारा पहुंच जाता है 50 के पास, पेड़ न काटे तो बढ़ सकती है हरियाली: देवेन्द्र दहिया

### विभिन्न प्रकार के 55 पौधे किए रोपित, चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद


फतेहाबाद। गांव अहरवां में पृथ्वी दिवस पर बच्चों संग पौधारोपण करते मुख्य शिक्षक देवेन्द्र दहिया। फोटो: हरिभूमि

विश्व पृथ्वी दिवस पर गांव अहरवां, चिंदड़, भूथन के सरकारी स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव अहरवां के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक देवेंद्र दहिया ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। देवेन्द्र दहिया ने कहा कि बच्चे कल का भविष्य है। वह अगर पृथ्वी को बचाने के लिए प्रयास करेंगे तो कल को पृथ्वी बच पाएगी। उन्होंने कहा कि धरती पर लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं, हरियाली काम हो रही है। इसके कारण ग्लोबल वार्मिंग शुरू हो गई है और आजकल गर्मी में पारा 50 डिग्री के आसपास पहुंचने के कगार पर आ खडा.होता है। उन्होंने कहा कि अगर इसे रोका नहीं गया तो कल को सारी पृथ्वी गर्मी के कारण समाप्त हो जाएगी, जिसमें जीव-जंतु, वन्य प्राणी और यहां तक की मानव भी सुरक्षित नहीं रहेगा। इसलिए हमें इस दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सभी बच्चे पौधे लगाए और उनकी रक्षा करें। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के 55 पौधे लगाए गए। इसके साथ ही बच्चों में जागरुकता बढ़ाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम मैरी मसीह, द्वितीय कोमल और तृतीय ख्वाहिश रहा। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर सतीश पंवार, सुभाष बिश्नोई ,भारत गोयल ,राजेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त रखने का संकल्प लिया

गांव चिदड़ के राजकीय व.मा. विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता एवं योगाचार्य मदन गोपाल आर्य ने कहा कि पृथ्वी का सन्तुलन बिगडना सम्पूर्ण विश्व में खतरे का संकेत है, इसलिए हमें पृथ्वी को हर प्रकार के दोहन से बचाना होगा। भारी मात्रा में पेड़ काटे जाने, नदी व वायु प्रदूषण के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए खतरे का संकेत है। आज विश्व पृथ्वी दिवस के दिन पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने व अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रंखला बनाकर पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त रखने का संकल्प लिया। गांव भूथनकलां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब मिशन फॉर लाइफ के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार रंगा व इको क्लब इंचार्ज सुमित्रा कुलडिय़ा तथा अन्य स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों को बताया गया कि हमें अधिक से अधिक मात्रा में पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाना चाहिए ताकि हमारे साथ साथ आने वाली जनरेशन का जीवन भी खुशहाल बने। इस अवसर पर बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण व स्लोगन राइटिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई।

## क्रेसण्ट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

- हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम के साथ विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते नन्हें विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

क्रेसंट स्कूल में 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम के साथ विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। यह थीम हमें यह संदेश देता है कि पृथ्वी की सुरक्षा हमारे व्यक्तिगत प्रयासों से ही संभव है। हम इन छोटे-छोटे बदलावों से एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुई। छात्र मेधांश ने अपने सुविचार के माध्यम से बताया कि पृथ्वी हमारी जननी है, इसका सम्मान करना और इसे स्वच्छ रखना हमारा नैतिक दायित्व है। छात्रा वंशुल ने अपने प्रभावशाली व्याख्यान में बताया कि यदि हम आज पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। अवनी एवं हशमिता ने अपनी कविताओं 'धरती हमारी सबसे प्यारी, इसमें बसती दुनिया सारी, आओ धरा बचाएं हम, मिलकर पेड़ लगाएं हम' के माध्यम से यह आह्वान किया कि हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि धरती को प्रदूषणमुक्त और सुंदर बनाएंगे। छात्र पीहू की कविता 'सेव आवर अर्थ ,सेव आवर लाइफ' ने सभी को भावविभोर करते हुए उन में पर्यावरण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव उत्पन्न कर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा, जिसमें उन्होंने वाहनों से फैलते प्रदूषण, जल स्त्रोतों की गंदगी और पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान को प्रभावी ढंग से दर्शाया। विद्यार्थियों ने समाधान स्वरूप सोलर पैनलों के उपयोग, सीएनजी जैसे स्वच्छ ईंधनों की प्राथमिकता और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। छात्रा लोकिता ने उपस्थित विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर एवं सिद्धार्थ ने वर्तनी की शुद्धता सुनिश्चित कर कार्यक्रम की गुणवत्ता को निखारा। प्री-प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने 'सेव अर्थ, सेव वाटर, प्लांट ट्रीज' विषयों पर आधारित धरती मां करे पुकार ,पेड़ लगाओ बारंबार स्लोगन्स के माध्यम से स्कूल परिसर में रैली निकाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पृथ्वी को हरा -भरा रखने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी धरोहर है।

#### सेंट जोसफ स्कूल में मनया पृथ्वी दिवस

टोहाना। भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या मारियालीन लुईस ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है, उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा प्रार्थना सभा में संगीत के माध्यम से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर उप प्राचार्या कुलदीप कौर सहित स्कूल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## नियमितता ही योग साधना की कुंजी : आचार्य

- फतेहचंद महिला कॉलेज में योग शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में योग विभाग, हिन्दी विभाग एवं छात्र कल्याण संघ के संयुक्त सौजन्य से आचार्य रूपचंद्र महाराज के परम शिष्य अन्तरराष्ट्रीय योग गुरू अरूण योगी का योग शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ॰ अनीता सहरावत की अध्यक्षता में किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार रावलवासिया ने आचार्य अरूण योगी महाराज एवं ज्योतिषाचार्य पीके शास्त्री को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। आचार्य योगी ने छात्राओं को योग सिद्धांत के बारे में बताते हुए कहा कि ज्यादा नहीं सही से करें योग। सही तरीके से किया गया योग एवं सही समय पर किया गया भोजन शरीर को तो निरोग करता ही है साथ ही साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है। उन्होंने छात्राओं को योग करवाते हुए कहा कि सही तरीका और नियमितता ही योग साधना की कुंजी है। योग विभाग की छात्राओं ने और सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं ने आचार्य योगी के निर्देशन में विभिन्न आसन एवं क्रियाओं का अभ्यास किया। इस मौके पर जैनेन्द्र कुमार जैन, दिनेश कुमार रावलवासिया, बनारसी दास गुप्ता, संजय कुमार, निर्मल कुमार, प्रतीक जैन आदि उपस्थित रहे।



#### पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांसू में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य मोहन लाल ने विद्यार्थियों को पृथ्वी बचाने का आह्वान किया। इको क्लब के इंचार्ज भूगोल प्रवक्ता राजबीर सिंह ने भी पृथ्वी दिवस पर अपना संदेश दिया।

## आदर्श स्कूल दरियापुर में पृथ्वी दिवस पर लेखन और भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

गांव दरियापुर स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष सभा में छात्रों को पृथ्वी दिवस के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 6वीं से 8वीं कक्षा के छात्रों के लिए लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जबकि 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्री प्राइमरी विंग में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने पृथ्वी के बारे में सीखा और मजेदार तरीके से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को पृथ्वी के प्रति जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि पृथ्वी दिवस का आयोजन हमें पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में याद दिलाता है और हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम



सिरसा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर चित्र प्रस्तुत किए तथा पृथ्वी को बचाने के लिए विविध प्रकार के जागरूकता संदेश दिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों एवं समाज को जागरूक करना था। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि पृथ्वी को बचाने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। आज के समय में विकास तो हुआ है, परंतु इसके पीछे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने यह भी अपील की कि सभी विद्यार्थी अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



सिरसा। राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ.हरजिंदर सिंह व अन्य गणमान्यों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा इतिहास विषय परिषद के बैनर तले विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में जनता गर्ल्स कॉलेज ऐलनाबाद से प्राचार्य व मुख्य वक्ता डॉ. अविनाश कंबोज ने विद्यार्थियों को ब्रिटिश काल के आर्थिक स्वरूप एवं उसके ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया। इस दौरान प्रोफेसर रमेश सोनी, विकास नैन, मोहनलाल, डॉ. गुरनाम, डॉ. पूनम सेतिया एवं शोभा भी मौजूद रहे।

## पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग में कुमकुम प्रथम

- पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और पर्यावरणीय जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की पर्यावरण सतत्ता प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेंद्र द्वारा किया गया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आर्यन पब्लिक स्कूल की उप प्राचार्या डॉ. रीचा मदान ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों में सतत विकास की भावना को बढ़ावा देने के इस प्रयास की सराहना की। प्रतियोगिता में कॉलेज के अनेक छात्रों ने भाग लिया और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचारों को रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। अमनप्रीत कौर ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई और पोस्टरों का मूल्यांकन सृजनात्मकता, संदेश और प्रस्तुति के आधार पर किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए.बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा कुमकुम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सिमरनजीत कौर व पूजा रानी द्वितीय स्थान पर रही। बी.ए.बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा सरीना रानी व शालीनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और निहारिका ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इनके पोस्टर प्रभावशाली और संदेशपूर्ण रहे। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पूरा संस्थान पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और प्रेरणादायक संदेश में कहा कि हमारी पृथ्वी को पुनर्स्थापित करें, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। कार्यक्रम का समापन उपस्थित लोगों द्वारा पृथ्वी की रक्षा और संरक्षण के लिए संकल्प के साथ किया गया।


फतेहाबाद। एमएम बीएड कॉलेज में पोस्टरों का अवलोकन करते निर्णायक मंडल। फोटो: हरिभूमि

## 'साइक्लोथॉन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे सीनियर सिटीजन'

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। साइक्लोथॉन को लेकर बैठक करते सीनियर सिटीजन। फोटो: हरिभूमि

नशे के खिलाफ जागरूकता के संदेश के साथ 26 व 27 अप्रैल को जिला में साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर सभी वर्गों में काफी उत्साह है। नशे के खिलाफ इस मुहिम में वरिष्ठ नागरिक भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसके लिए सीनियर सिटीजन वेलफेयर आर्गेनाइजेशन ने बैठक का आयोजन कर विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष कस्तूरी छाबड़ा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सिरसा में आयोजित होने वाली इस साइकिल रैली को सफल बनाने में वरिष्ठ नागरिक पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजसेवा में वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव हरबंस नारंग, सचिव अशोक गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष देवेन्द्र पाहूजा ने कहा कि युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए आयोजित इस रैली में सभी सदस्यों को बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। बैठक में संयोजक तेजेन्द्र लोहिया, हरदयाल बेरी, सुशील गुप्ता, डीपी सिंगला, नरेश नारंग, बिमल भाटिया, ओम प्रकाश मेहता, महेंद्र कुमार, रमेश गोयल, रमेश जींदगर, गुरचरण सिंह, रमेश साहुवाला, गिरधारी बराला मौजूद रहे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी बनाने की पहल

## गांव समैण में निकाली जागरूकता रैली

- अभियान का मूल उद्देश्य लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करना, बालिकाओं की सुरक्षा व संरक्षण सुनिश्चित करना है

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव समैण में जागरूकता रैली निकालती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव समैण में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को लिंगानुपात सुधारने के प्रति जागरूक करना रहा। सुपरवाइजर आशु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिलाओं के साथ गांव में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर संदेश दिया। सुपरवाइजर आशु ने बताया इस अभियान का मूल उद्देश्य लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करना, बालिकाओं की सुरक्षा व संरक्षण सुनिश्चित करना, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और सामाजिक भागीदारी में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है। एक बेटी को शिक्षित करना समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक बदलाव की अगुवाई करें और बेटियों के लिए समान व समावेशी वातावरण तैयार करें। सामाजिक रूढियों और बाधाओं को दूर करने के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं ने गांव में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर संदेश दिया। रैली में महिलाओं ने यह संकल्प लिया कि वे इस संदेश को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाएंगी, ताकि प्रत्येक बेटी को पोषित, शिक्षित और सशक्त किया जा सके।

#### अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं

उन्होंने बताया महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव कन्हडी, बलियावाला, सिम्बल वाला, कमालवाला, हिम्मतपूरा, नागली, हासांवाला, भीमेवाला व गाजूवाला में भी जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और क्षेत्र की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।